सेंट एंड्रयूज़ सीनियर सेकेंडरी स्कॉट्स स्कूल

9वीं एवेन्यू आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली - ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा: चार **विषय :हिंदी** **पाठ ८: मनाली की यात्रा**

कठिन शब्द

१)पर्वतीय

२)शिखर

३)दर्शनीय

४)हिडिंबा देवी

५) नक्काशी

६)पर्यटक

७)तिब्बती

८)रोहतांग

९)प्राकृतिक स्थल

१०)मुख्यालय

११) सैरगाह

१२) हवाई-अड्डा

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न १) मनाली की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कीजिए ।

उत्तर मनाली की प्राकृतिक सुंदरता अत्यधिक मनमोहक है । यह जगह चारों ओर बर्फ से ढके पहाड़ों, हरे-भरे जंगलों, फलों से लदे वृक्षों और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है ।

प्रश्न २) हिडिंबा देवी का मंदिर कैसा है?

उत्तर हिडिंबा देवी का मंदिर बहुत प्रसिद्ध है ।यह पैगोड़ा शैली में बनाया गया है ।इसके दरवाज़ो पर बहुत सुंदर नक्काशी की गई है । मई के महीने में यहाँ विशाल मेला लगता है ।

प्रश्न ३) वशिष्ठ गाँव के जलप्रपात की क्या विशेषताएँ हैं?

उत्तर वशिष्ठ गाँव में के जल प्रपात की विशेषताएँ यह है कि इनके जल में रोगों को दूर करने की शक्ति होती है ।

प्रश्न ४) रोहतांग दर्रे के विषय में आप क्या जानते हैं?

उत्तर मनाली से लगभग पचास किलोमीटर दूर रोहतांग दर्रा है ।यह लाहौल- स्पीति पंजी और लेह घाटी का प्रवेश द्वार है । यह जून के महीने में भी बर्फ से ढका रहता है ।यह दर्रा लगभग एक किलोमीटर लंबा है ।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

१)पर्यटक -सैलानी घूमने के लिए आने वाले

ताजमहल देखने के लिए देश-विदेश से कई पर्यटक आते हैं।

२)नक्काशी -पत्थर या लकड़ी पर बारीक खुदाई करके डिजाइन बनाना

गाँव के पुराने मंदिर के खभों पर बहुत बारीक नक्काशी की गई है ।

३)दर्शनीय- देखने योग

कश्मीर की वादियाँ पर्यटकों के लिए अत्यंत दर्शनीय और मनोरम होती हैं ।

४)शिखर -पर्वत की चोटी

पर्वतारोहियों ने अपनी कड़ी मेहनत के बाद हिमालय के शिखर पर तिरंगा झंडा लहरा दिया ।